# अवैध निर्माण के खिलाफ निगम भिलाई का लगातार कार्यवाही जारी

**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 04 शिवाजी नगर क्षेत्रांतर्गत अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। वार्ड क्रं. 45 नकम्मा मोहल्ला में स्थानीय निवासियों द्वारा सी.सी. रोड को घेरकर उपर सड़क पर कब्जा कर दिवाल खड़ा किया जा रहा था। ऐसी शिकायत स्थानीय लोगो द्वारा शिवाजी नगर जोन क्रं. 04 आयुक्त अमरनाथ दुबे से की गई। जोन आयुक्त के निर्देश पर निगम का तोड़फोड़ दस्ता मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किया, शिकायत सही पाया गया, निर्माण के संबंध में किसी भी प्रकार का दस्तावेज नहीं था, पूर्ण रूप से सड़क बाधित कर अवैध कब्जा किया जा रहा था। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, सहायक अभियंता प्रिया करसे स्थल पर पहुंच कर मोड़फोड़ दस्ता के साथ अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। वहां से गैती, फावड़ा, निर्माण सामग्री आदि जप्ती बनाया गया। संबंधितों को चेतावनी दी गई की किसी प्रकार का अवैध कब्जा करने पर ध्वस्त करने के साथ–साथ अर्थदण्ड की कार्यवाही भी की जावेगी। ध्वस्त मलवे को जप्ती बनाकर उठवा लिया गया। कार्यवाही के दौरान तोड़फोड़ दस्ता प्रभारी हरिओम गुप्ता, कन्हैया यादव, मंगल जांगड़े, राजेन सिंह, विष्णु सोनी, अनिल, गौकरण कुर्रे, खेमराज आदि उपस्थित रहे।

